# <u>प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक – 01.09.2022</u>

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित / लूट के अभियोग से संबंधित 02 शातिर लुटेरे गिरफ्तार (थाना हथिगवां)

जनपद के थाना हथिगवां के उ0नि0 श्री रमिल कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर देखभाल क्षेत्र / तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 167/2022 धारा 394 भादंवि से संबंधित दो अभियुक्तों 01. हिमांशु यादव 02. अनूप कुमार यादव को थाना क्षेत्र हथिगवां के कुढा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-</u>**

01. हिमांशु यादव पुत्र अशोक कुमार यादव निवासी दलापुर मजरे कांटी अखैवरपुर थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़।
02. अनूप कुमार यादव पुत्र छोटेलाल निवासी जगतसिंह का पुरवा मजरे बेधन थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़।

**<u>बरामदगी</u>-**

01. लूट के 820/- रूपये
02. पांच अदद मोबाइल फोन
03. दो अदद मोटर साइकिल

**<u>पूछताछ का विवरण-</u>** गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि हम दोनों व हमारे दो अन्य साथी मिलकर मोटर साइकिल से घूम-घूमकर सूनासान जगहों पर आने-जाने वाले राहगीरों से लूटपाट करते हैं एवं बड़े शहरों से ओला बुक करके लाते हैं व सूनसान जगह पर पैसा, मोबाइल फोन आदि लूट लेते हैं। दिनांक 23.08.2022 को हम लोग प्रयागराज से ओला टैक्सी बुक करके लाए थे और बरना रेलवे क्रासिंग से आगे मजार के पास ओला ड्राइवर से पैसे व मोबाइल की लूट की थी। (इस संबंध में थाना हथिगवां पर मु0अ0सं0 167/2022 धारा 394 भादंवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।) आज हम सभी किसी घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे थे कि आप लोगों ने हम दोनों को पकड़ लिया जबकि हमारे दो साथी अपनी मोटर साइकिल छोड़कर मौके से भाग गये हैं।

**<u>नोट-</u>** मौके से फरार दोनों अभियुक्तों को चिह्नित कर लिया गया है, जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

गिरफ्तार अभियुक्त हिमांशु यादव उपरोक्त थाना हथिगवां पर पंजीकृत मु0अ0स0- 143/2022 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त है।

**<u>पुलिस टीम-</u>** उ0नि0 श्री रमिल कुमार मय हमराह थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़।

## 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना नवाबगंज)

जनपद के थाना नवाबगंज के उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 74/2021 धारा 363,366 भादंवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से संबंधित सोनू अंसारी उर्फ मुस्तफिज पुत्र यूनुस अंसारी निवासी परियावा थाना नवाबगंज प्रतापगढ़ को जनपद लुधियानां, पंजाब से गिरफ्तार किया गया।

## 01 वारण्टी गिरफ्तार (थाना महेशगंज)

जनपद के थाना महेशगंज के उ0नि0 श्री अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0सं0 794/15 धारा 380,506 भादंवि से संबंधित 01 वारण्टी पुन्नी चमार पुत्र दुलारे चमार निवासी ठकुराइन का पुरवा पटना, थाना महेशगंज, प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।